# कार्यालय वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक सं0 2772 (H)

दिनांक 03/04/018

**(निविदा सूचना)**

नगर निगम, देहरादून द्वारा वर्ष 2018–019 के लिए इनोवा, डिजायर, इण्डिका, इण्डिगो, बोलेरो आदि छोटे वाहन किराये पर लगाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ट्रेवल्स् एजेनसीज् निविदा के साथ रू0 20,000/– की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 धरोहर के रूप में जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते रू0 500+जी0एस0टी0 के नकद भुगतान पर नगर निगम देहरादून वाहन कार्यशाला से दिनांक 04.04.2018 से दिनांक 23.04.2018 तक सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किये जा सकते हैं निविदा दिनांक 24.04.2018 की अपरान्ह् 03:00 बजे तक वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी महोदय के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में रखी जायेगी। जो अगले दिन दिनांक 25.04.2018 को प्रातः 10:30 बजे खोली जायेगी। निविदादाता चाहें तो उपस्थित हो सकते हैं निविदा सूचना नगर निगम देहरादून के वेबसाईट http://nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा तथा प्रपत्र डाऊन लोड कर निर्धारित शुल्क व जी0एस0टी की धनराशि ड्राफ्ट के साथ भी आवेदन किया जा सकता है।

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. नगर आयुक्त महोदय को उनके आदेश के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक–द पाईनियर समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन नियमानुसार आगामी अंक में कराते हुये समाचार पत्र की दो प्रति निशुल्क उपलब्ध करायें एंव बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करें।
3. आई0टी0 आफिसर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।
5. सम्पादक अमर उजाला उक्त विज्ञापन को रू0 1091/– देहरादून संस्करण की दर पर नियमानुसार 35 प्रतिशत की छुट देते हुये प्रकाशित कर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

Scanned by CamScanner

देoदून क्यू नं0 127
निविदा फार्म का मूल्य–रू0 500+जीoएसoटीo

# नगर निगम,देहरादून।

नीचे लिखे कार्य के लिये मोहरबन्द लिफाफों में निविदा दिनांक 24.04.2018 की अपराह्न 3:00 बजे तक वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,नगर निगम देहरादून कार्यालय में जमा करने होगें उसके उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

कार्य का नामः **अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये के डीजल वाहन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

| क्र0 सं0 | विवरण | ईधन रहित दर प्रति माह | ईंधन सहित दर प्रतिमाह | वाहन के अतिरिक्त चलने पर दर प्रतिदिन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इनोवा | | | |
| 2 | डिजायर | | | |
| 3 | इण्डिका | | | |
| 4 | इण्डिगो | | | |
| 5 | बुलोरो | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

Scanned by CamScanner

## नगर निगम देहरादून द्वारा वर्ष 2018–19 किराये पर लिये जाने वाले वाहन के सम्बन्ध में शर्तें

1. इनोंवा कार/डिजायर/इण्डिका/इण्डिगो/बुलोरो कार डीजल वाहन टॉप मॉडल 2016
2. वाहन का मेंक/मॉडी 2016 टॉप मॉडल का नीचे का मान्य नहीं होगा।
3. वाहन का एवरेज 10 कि0मी0/प्रति लीटर से कम न हो।
4. किसी भी माह का भुगतान अगले माह में किया जायेगा।
5. वाहन स्वामी को रजिस्ट्रेशन,इन्श्योरन्स की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. भुगतान में किसी प्रकार की देरी के लिये कार्य बाधित नहीं किया जायेगा।
7. वाहन की मरम्मत, सर्विस, चालक आदि पर होने वाले व्यय वाहन स्वामी को वहन करना होगा तथा वाहन चालक को वर्दी में रहना होगा।
8. यदि वाहन चालक नगर निगम का होगा तो चालक को दिये जाने वाला वेतन भी निविदा में उल्लिखित करना होगा तथा वाहन नगर निगम के चालक द्वारा चलाये जाने पर वाहन स्वामी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।
9. वाहन स्वामी को ईंधन सहित व ईंधन रहित दोनों प्रकार के दर प्रस्तुत करने होगें।
10. किसी कारण वश वाहन में अचानक खराबी आ जाये तो उसके बदले दूसरा वाहन शीघ्र उपलब्ध कराना होगा तथा खराब वाहन को तत्काल ठीक कराना होगा,आशय यह है कि कार्य बाधित न हो,कार्य बाधित होने पर वाहन स्वामी की भुगतान में अनुपातिक कटौती के साथ–साथ उतनी ही राशि मरम्मत में की जा रही देरी/लापरवाही के लिये कटौती की जा सकती है।
11. वाहन स्वामी को ड्यूटी (प्रातः 9:00 बजे से साँय 7:00 बजे तक) के अतिरिक्त वाहन के मुख्यालय से बाहर जाने के प्रतिदिन के चार्ज भी निविदा में उल्लिखित करने होगें।
12. नगर आयुक्त महोदय ,नगर निगम के लिखित अनुमोदन के बिना ठेका मान्य नहीं होगा।
13. कार्य के लिये अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. निविदा के साथ धरोहर के रूप में रू0 20,000/–की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी,देहरादून के नाम प्लेज हो संलग्न करना अनिवार्य है बिना धरोहर के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. कार्य सम्बन्धी धरोहर की धनराशि कार्य समाप्त होने की तिथि के 06 माह बाद ठेकेदार को वापस की जायेगी।
16. वाहन का उपयोग का समय सम्बन्धित अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा,जिसमें अवकाश के दिवस में शासकीय कार्यो,बैठको आदि के लिये वाहन एवं वाहन चालक उपलब्ध रहेगा।
17. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा।यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा को स्वीकार ही किया जाये,गुण–दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
18. ट्रेवल्स् एजेन्सी देहरादून का सम्भागीय परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये विभाग द्वारा ठेकेदार की केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा। ........................................

मैंने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मै/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुये, निर्धारित शर्तो के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने के लिये सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व स्थल सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर ठेकेदार........................................
नाम........................................
पता........................................

हस्ताक्षर
वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम देहरादून।

Scanned by CamScanner